संख्या-07/2023/पी-68/005-38 9002 002 7 2022

प्रेषक,

राजीव कुमार वत्स,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण
लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-9 **लखनऊ : दिनांक 23 मार्च, 2023**

विषय:-प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत पीएमजीएसवाई-।।। के अंतर्गत जनपद आगरा, सीतापुर, कौशाम्बी, झाँसी, महाराजगंज, प्रयागराज, बस्ती, फर्रूखाबाद एवं जौनपुर के अन्तर्गत कतिपय पैकेजों/मार्गों पर आने वाले विद्युत पोलों/ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किये जाने एवं वृक्षों के पातन हेतु रू0 183069791.00 (रूपये अट्ठारह करोड़ तीस लाख उनहत्तर हजार सात सौ इक्यानबे मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रों (सारणी में अंकित) का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिनके माध्यम से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत पीएमजीएसवाई-।।। के अंतर्गत-जनपद आगरा, सीतापुर, कौशाम्बी, झाँसी, महाराजगंज, प्रयागराज, बस्ती, फर्रूखाबाद एवं जौनपुर के अन्तर्गत कतिपय पैकेजों/मार्गों पर आने वाले विद्युत पोलों/ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किये जाने एवं वृक्षों के पातन हेतु धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है:-

क्र0 सं0	पत्र संख्या एवं दिनांक	विषय	वांछित धनराशि
1	संख्या-5732/टी-10/यूपीआरआरडीए/2022-23, दिनांक- 17.12.2022	जनपद आगरा के पैकेज संख्या-यूपी 0198 पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	2033243.00
2	संख्या-6607/टी-251(1)/ यूपीआरआरडीए/2022-23, दिनांक-01.02.2023	जनपद सीतापुर के कतिपय पैकेजों/मार्गों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	52012743.00
3	संख्या-6608/टी-251(1)/ यूपीआरआरडीए/2022-23, दिनांक-01.02.2023	जनपद कौशाम्बी के कतिपय पैकेजों के मार्गों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने एवं वृक्षों के पातन के सम्बन्ध में।	15711483.00
4	संख्या-6902/टी-251(1)/ यूपीआरआरडीए/2022-23, दिनांक-11.02.2023	जनपद झाँसी के पैकेज संख्या-यूपी-3870 पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	521756.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

5	संख्या-6909/टी-251(1)/ यूपीआरआरडीए/2022-23, दिनांक-15.02.202**3**	जनपद महाराजगंज के कतिपय पैकेजों/मार्गों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	68641741.00
6	संख्या-7161/टी-251(1)/ यूपीआरआरडीए/2022-23, दिनांक-28.02.202**3**	जनपद प्रयागराज, बस्ती, फर्रूखाबाद, जौनपुर व कौशाम्बी के अन्तर्गत कतिपय पैकेजों/मार्गों पर आने वाले विद्युत पोलों/ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	44148825.00
		योग	**183069791.00**

2- उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-।।। के अंतर्गत जनपद आगरा, सीतापुर, कौशाम्बी, झाँसी महाराजगंज जनपद प्रयागराज, बस्ती, फर्रूखाबाद एवं जौनपुर के अन्तर्गत कतिपय पैकेजों/मार्गों पर आने वाले विद्युत पोलों/ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किये जाने एवं वृक्षों के पातन हेतु कुल रू0 **183069791.00** (रूपये अट्ठारह करोड़ तीस लाख उनहत्तर हजार सात सौ इक्यानबे मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की सहर्ष स्वीकृति राज्यपाल महोदया द्वारा निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती हैः-

(1) आकड़ों की शुद्धता एवं धनराशि की अनुमन्यता की पुष्टि का दायित्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण लखनऊ का होगा।

(2) प्रश्नगत प्रस्ताव का परीक्षण बजट की उपलब्धता के आधार पर किया गया है। प्रश्नगत धनराशि की स्वीकृति किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। जिन मामलों में उ0प्र0 बजट मैनुअल और फाइनेंशियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अंतर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने से पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(3) स्वीकृत की जा रही धनराशि के संबंध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण लखनऊ इस बात का ध्यान रखेंगे कि धनराशि स्वीकृत कर सीधे संबधित विभाग/संस्था के बैंक खाते में अंतरित की जायेगी।

(4) मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण लखनऊ यह सुनिश्चित करेंगें कि प्रश्नगत कार्य प्रारंभ करने से पूर्व प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली गयी है तथा निर्धारित मानकानुसार उपयुक्त भूमि निर्विवाद रुप से उपलब्ध है। तदोपरांत ही अनुमोदित लागत के सापेक्ष ही निर्धारित प्रक्रियानुसार धनराशि का आहरण किया जायेगा।

(5) स्वीकृत की जा रही धनराशि के नियम संगत आहरण/व्यय, स्वीकृत की गयी धनराशि के विरुद्ध निर्धारित लक्ष्यों के प्राप्त होने तथा निर्धारित प्रारुप पर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने का दायित्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण लखनऊ का होगा।

(6) योजनांतर्गत किसी कार्य को प्रारम्भ किये जाने से पूर्व वैधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स अपेक्षित होने पर सक्षम स्तर से अनापत्ति प्राप्त कर लिया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(7) मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण लखनऊ द्वारा यह भी सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि स्वीकृत किये जा रहे कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा अन्य किसी स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है और नही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है, अर्थात किसी प्रकार की द्विरावृत्ति न हो।

(8) स्वीकृत की जा रही धनराशि के नियम संगत व्यय व पूर्व में स्वीकृत धनराशियों के निर्धारित प्रारुप पर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने का दायित्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण लखनऊ का होगा।

(9) स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय वस्तुतः जिन मदों हेतु अवमुक्त की जा रही है, उन्ही मदों में इसका व्यय अनुमन्य होगा। अन्य किसी मद में किया जाना वाला व्यय अनुमन्य न होगा।

(10) स्वीकृत की जा रही धनराशि को आहरित कर यदि किसी ऐसे खाते में रखा जाता है जिसमें ब्याज अर्जित होता है, तो अर्जित ब्याज को निर्धारित लेखाशीर्ष में जमा कराने/गाइडलाइन्स में निहित व्यवस्थानुसार समायोजन/व्यय करने का दायित्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण लखनऊ का होगा।

(11) स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय योजनान्तर्गत निर्धारित गाइड लाइन/दिशा-निर्देशों में उल्लिखित व्यवस्था एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त व्यवस्था के अन्तर्गत किया जायेगा।

(12) धनराशि के आहरण के संबंध में मितव्ययता संबंधी समय-समय पर निर्गत शासनादेशों एवं वित्तीय नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(13) स्वीकृत की जा रही धनराशि के संबंध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07 जून, 2022 व अन्य संगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 18,30,69,791 (रुपये अठारह करोड़ तीस लाख उनहत्तर हजार सात सौ इक्यानबे मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 013 **लेखा शीर्षक** 5054043378901 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत सड़कों का निर्माण **मानक मद** 42 अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या यू0ओ0-ई0-2-215/दस-2022-23 दिनांक-14.03.2023 मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

राजीव कुमार वत्स
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या-07/2023/पी-68/005-38 9002 002 7 2022, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।

2- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।

3- आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 लखनऊ।

4- वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ।

5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2/वित्त (आय-व्ययक)अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।

6- श्री हरी राम (नोडल अधिकारी), संयुक्त सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन को वित्तीय स्वीकृतियों को उ0प्र0 बजट एलाटमेट सिस्टम के माध्यम से आनलाइन निर्गत किये जाने तथा आनलाइन बजट एलाटमेट सिस्टम में प्रविष्ट करने हेतु।

7- ग्राम्य विकास अनुभाग-03, उ0प्र0 शासन।

8- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

राजीव कुमार वत्स

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।